# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024




## खबर संक्षेप



### नव निर्मित सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

दुर्ग। नगर पालिक निगम शारदीय नवरात्र के पावन अवसर माता के मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश जलवाया जाता है। लोग अपनी मनोकामनाओं को लेकर माता के दरबार में ज्योति कलश जलवाकर 9 दिन आराधना करते हैं। ताकि माता उनकी मनोकमनाओं को पूरा करें। इसी कड़ी में इस शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने शिव मंदिर में विराजे माँ दुर्गा माता की विधि विधान के साथ माता की पूजा अर्चना की व पुष्पमाला अर्पित किए। इस दौरान वे मंदिर के पुजारियों के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर महापौर ने वार्ड 07 लुचकी तालाब स्थित में शरदायी नवरात्र के पावन अवसर पर पार्षद निधि निर्माण कार्य सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सभापति राजेश यादव, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, एमआईसी सदस्य संजय कोहले, दीपक साहू, फतेह सिंह भाटिया, पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज, ज्ञानदास बंजारे, नरेश साहू, आर एन पंसारी, छोटू धडसेना, तरुण साहू, लखन ताम्रकार, वार्डवासियों मौजूद थे।

## शिकायत: कंपनी ने टैक्स वसूली में किया था घोटाला, नहीं की गई जांच

# स्पैरो कंपनी की टैक्स वसूली में गड़बड़ी की खुल रही पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम द्वारा करीब सात हजार बकायदारों को टैक्स जमा करने नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस का कागज से स्पैरों कंपनी की लगातार पोल खुल रही है। नोटिस देख हडबडाए कई बकायदारों का कहना है कि, पूर्व में स्पैरों कंपनी को टैक्स का भुगतान कर दिया है। इस तरह की लागातार शिकायत आने के बाद भी निगम प्रशासन की स्पैरों कंपनी से मेहरबानी समझ से परे है।

मार्च माह के बाद अप्रैल माह में जैसे ही वसूली का जिम्मा निगम कर्मचारी उठाए है, तब से लगातार स्पैरों कंपनी की शिकायत मिल रही है। कई बकायदारों ने निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर से लिखित शिकायत कर चुके है, इसके बाद भी कार्यवाही नही की गई है। निगम प्रशासन को इस बात की भी शिकायत मिली कि, ठेका पध्दति समाप्त होने के बाद भी कंपनी के कर्मचारियों द्वारा रकम वसूली की जा रही है। इस शिकायत पर कार्यवाही के बजाय निगम प्रशासन द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर खानापूर्ति कर दी गई है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार अब तक टैक्स घोटाले में स्पैरों कंपनी से करोडों रूपए की वसूली सामने आ चुकी है। लेकिन अधिकारी यह कहकर बच रहे है कि, कंपनी को भुगतान किए गए राशि का सबूत नही है। बल्कि पूर्व में लोगों ने नामजद लिखित शिकायत की है। इस मामले में अब तक जिम्मेदारी भी तय नही की गई है। स्पैरों कंपनी के टैक्स वसूली के दौरान अखिर निगम ने किस अधिकारी को जिम्मा दिया था। इसकी भी जांच नही की गई हैं। सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर का कहना है कि, स्पैरों कंपनी की करीब एक करोड की अमानत राशि जमा है, जिससे वसूली की जाएगी।

### सात हजार नोटिस जारी, फिर खुलेगी पोल




#### तीन हजार की और बन रही कुंडली

जानकारी अनुसार नगरनिगम दुर्ग द्वारा दो दिनों में सात हजार बकायदारों को नोटिस जारी किया हैं। इसमें वर्ष 1990 से अब तक के बकायदार शामिल है। इसके आलावा तीन हजार बडे बकायदार भी है। उन्हें भी नोटिस जारी किया जाएगा। बताया जा रहा है कि, बकायदार में कई रसूखदार भी है। वसूली के दौरान इनके द्वारा राजनीति एप्रोच लगाकर अभियान को पलीता कर दिया जाता हैं।

#### फिर कैसे हो गया 19 से तीस करोड़ का टारगेट?

स्पैरों कंपनी की वसूली के दौरान सालाना वसूली का टारगेट 18 करोड निर्धारित किया गया था। लेकिन अप्रैल माह से निगम की वसूली में एक प्रकार से भौतिक सत्यापन हो गया और संपत्ति का ब्यौरा बढकर तीस करोड पहुंच गया है। इसलिए निगम ने वर्ष 2024-25 का सालाना वसूली का टारगेट तीस करोड रूपए निर्धारित किया गया है। जिसमें साढे दः करोड की वसूली भी हो गई हैं। इससे स्पष्ट है कि, कंपनी ने कई बकायदारों से वसूली की राशि कम कर करोंडों का घोटाला किया गया। इसलिए करीब बारह करोड रूपए की सालाना वसूली कम हो रही थी।

#### आप पार्टी ने भी की लिखित शिकायत

स्पैरों कपंनी द्वारा किए गए टैक्स घोटाले की शिकायत आप पार्टी के नेताओं ने भी कई बार लिखित तौर पर एक नही कई बार की है। जिसमें विगत 12 अक्टुबर 2023 को वार्ड तीस में एम सांई एंड कंपनी के संपत्तिकर एसेसमेंट में गडबडी की गई। इसमें वर्ष 2019-20 में निगम ने 2613 वर्गफीट की जमीन पर 60900 रूपए पर्ची कांटे, लेकिन वर्ष 2020-21 से 2022-23 तक सिर्फ 44184 रूपऐ की पर्ची कांटी गई। दूसरा केश पुलगांव स्थित टोबैको कंपनी की हुई थी। जिसमं भी शिकायत सही पाए जाने पर आज तक कोई कार्यवाही नही की गई। इस तरह आधा दर्जन की शिकायत की गई हैं।

## जिला अस्पताल में रोज एक हजार मरीज का इलाज, प्रबंधन ने मांगे विशेषज्ञ डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला अस्पताल इन दिनों डाक्टरों की कमी से जूझ रहा है। अस्पताल में लगातार मरीजों का दबाव बढ रहा है। लेकिन नियमित डाक्टरों की भर्ती नही किए जाने के चलते लिमिट डाक्टरों पर दबाव बढता जा रहा है। मरीजों की संख्या को देखते हुए दस एमडी डाक्टरों की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ पांच की स्वीकृति पर एक ही नियमित हैं और दो एनएचएम मद व एक डीएमएफ से भर्ती किए गए है।

■ जीवनदीप समिति के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

एमडी डाक्टरो की कमी के कारण आईसीयू वार्ड, केज्यूअलटी वार्ड में दबाव बढ रहा हैं। दो शिफ्ट होने और कभी डाक्टर के छुट्टी पर जाने से व्यवस्था गडबडा जा रही है। जिला चिकित्सालय जहां 500 बेड उपलब्ध है। यहां 1000 प्लस ओपीडी मरीज स्थानीय एव नजदीक क्षेत्र से चिकित्सा सेवा के लिए आते है। विशेष कर माह के प्रत्येक सोमवार को मरीजों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सक की कमी से चिकित्सा सेवा प्रभावित हो रही है। जिसमें चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड और आपातकालीन विभाग में स्थिति बेहद खराब हैं।



#### समिति ने मांगे स्टाफ

जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डाक्टरों की कमी को लेकर हरिभूमि द्वारा चार सितंबर के अंक में खबर प्रकाशित की थी। जिसे संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर ने दूसरे ही दिन मनोरोग विशेषज्ञ और ओटी टेक्नीशियन की भर्ती करने निर्देश दिए है। जिसके लिए पन्द्रह अक्टुबर तक सीएमओ कार्यलय में आवेदन मांगे गए हैं। डाक्टरों की भर्ती को लेकर जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर और मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी को ज्ञापन सौंपकर भर्ती की मांग की हैं। उन्होंने 10 एमडी डॉक्टर की भी मांग की है।

## नदी रोड में निगम बना रहा कचरों का नया पोटियाकला

दुर्ग। शहर से निकलने वाले सैकडों ट्रक कचरों को महमरा नदी रोड किनारे डंप किए जाने की मनमानी लगातार जारी है। निगम प्रशासन पोटियाकला की तरह महमरा नदी रोड में नया कचरे का यार्ड तैयार किया जा रहा है। ग्रीन जोन में कचरों को एकाएक डंप किए जाने से आसपास प्रदूषण की स्थिति निर्मित हो रही हैं। कचरा निष्पादन लगाने में देरी के जल्द ही यह इलाका भी नया पोटियाकला का रूप ले लेगा।



पुलगांव और पोटियाकला में कचरा डंप किए जाने का विरोध होने के बाद निगम प्रशासन द्वारा गंज चौक से होकर महमरा एनीकट जाने वाले नदी रोड किनारे एक निजी जगह पर रोजाना कचरों का ढेर तैयार किया जा रहा है। हाल ही में नदी रोड के लिए नया सडक बनाया गया था। कचरों को लेकर ट्रको के गुजरने के कारण यहां की सडको में जगह जगह कचरा फैलने लगा है। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग शहर में एक मात्र जगह जहां लोग सैर सपाटा करने पहुंचते है। आगे पर ही मुक्तिधाम और धार्मिक मंदिर है। इसके बाद भी पिछले पन्द्रह से बीस दिनों तक कचरा ढेर किया जा रहा है। इस तरह निगम प्रशासन द्वारा एनजीटी के नियमों की धज्जियां उडाई जा रही हैं।

## पद्मनाभपुर में सजा दुर्गा व राम का दरबार...





दुर्ग। जनता मार्केट पद्मनाभपुर पंडाल में चालित झांकी का प्रदर्शन श्री नवयुवक दुर्गाउत्सव समिति द्वारा नि:शुल्क दर्शन व पार्किंग के साथ दर्शनार्थियों को उपलब्ध कराया जाता है। इस बार भी प्रभु श्री रामलला का दरबार की भव्य चलित झांकी दिखाई गई हैं। जिसमे रामसीता स्वयंम्बर, ताड़का वध, सबरी व रामेश्वर पूजा के साथ ही रावण वध व माई की कुटीया में माता दुर्गा विराजमान हैं। समिती के सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को पंचमी की महाआरती व नवमी 12 अक्टूबर को महाभण्डारा व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा



## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय प्राथमिक शाला डोड़की विकासखंड धमधा में स्वच्छता ही सेवा पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। विद्यालय में स्वच्छता सप्ताह अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यालय में पोस्टर बैनर बनाना, नारा लेखन, स्वच्छता पर कविता प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला निर्माण, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए रैली निकाला गया। जिसमें प्रतिभागी बच्चों को विद्यालय में पुरुस्कृत किया गया। स्वच्छता सप्ताह में बच्चों, पालकों, जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय प्रांगण में शपथ लिया गया। एसएमसी अध्यक्ष रूपसिंह साहू, उपाध्यक्ष सुमन साहू, सदस्य गण, पंच मुरली वर्मा, दीपक वर्मा, रमेश वर्मा, दूजराम साहू, राजकुमार, द्वारिका, मुकेश वर्मा, हिराश साहू द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को पुरुस्कृत किया। नारा लेखन में मोक्ष साहू, नित्य वर्मा, चित्रकला में युक्ति वर्मा, चितेश साहू, प्रियांशु पटेल, पोस्टर बैनर में गीत एवं कुमकुम वर्मा, निबंध लेखन में झरना साहू, उमंग वर्मा रंगोली प्रतियोगिता में मोक्ष एवं साथी, गीत एवं साथी प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे। साथ ही विद्यालय के स्वच्छता दूत के रूप में चितेश साहू, रितेश वर्मा, प्रवीण वर्मा पुरुस्कृत हुए।



## हॉस्पिटल क्षेत्र से हटाया गया अतिक्रमण दोबारा नहीं लगाने दी गई चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आगामी दीपावली त्योहार को देखते हुए यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पटेल चौक मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने पटेल चौक क्षेत्र के आस पास से पुराना दुर्ग थाना के पीछे से होकर इंदिरा मार्केट, हॉस्पिटल क्षेत्र मरचुरी लाइन तक सड़क किनारे काबिज अतिक्रमणकारियों को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाही लगभग 3 घंटे चली। इस दौरान अतिक्रमण अधिकारी व राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, तहसीलदार श्रीमती क्षमा यदु, बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा, सहायक अतिक्रमण अधिकारी योगेश सूरे, राजू बक्शी, यातायात पुलिस राजेश देशमुख सहित तोड़ू दस्ता अमले के साथ पहुंचे।

■ यातायात सुचारू बनाए रखने निगम की कवायद



इस दौरान कब्जाधारियों को चेतावनी के साथ समझाईस दी गई। हॉस्पिटल मरचुरी लाइन, पटेल चौक क्षेत्र के आस पास सड़क घेरकर व सड़क किनारे लोग ठेले, खोमचे, सब्जी पसरा, सड़क किनारे बांस बल्ली से तंबू लगाकर दुकान कारोबार कर रहे हैं। इसकी वजह से आवागमन में आम नागरिकों को दिक्कत हो रही है साथ ही यातायात भी बाधित हो रहा है। मुख्यमार्ग के सामने फुटपाथ मोबाइल कवर दुकान, कपड़ा बेचने वालों सहित आस-पास से ठेले खोमचे को हटाया गया। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में अतिक्रमण तोड़ू दस्ता अमले ने उक्त मार्ग पर काबिज 30 से 35 अतिक्रणकारियों को हटाया और दोबारा अतिक्रमण किए जाने पर सामान जब्ती कार्रवाही की चेतावनी दी गई।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि दुकान के बाहर सामान को सजाकर सड़कों से अवैध कब्जा खुद हटा लें नहीं तो जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## अमावस्या पर आश्रम में किया सामूहिक श्राद्ध

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति नंदिनी नगर के तत्वावधान में संत आसाराम बापू आश्रम नंदिनी अहिवारा में सर्व पितृ अमावस्या पर सामुहिक श्राद्ध कार्यक्रम देवशरण महाराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आश्रम समिति और हरि ओम साधक परिवार के अलावा अन्य स्थानों से लोग शामिल हुए। सभी अपने पूर्वजों का तर्पण, पूजन कर तृप्त हुए। सभी को पितरों की सद्गति के लिए गीता का सातवें अध्याय का पाठ भी कराया गया।



## नक्शा नवीनीकरण कार्यों को अभियान चलाकर करें पूर्ण : कलेक्टर

दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर नक्शा नवीनीकरण की तहसीलवार जानकारी ली। नक्शा नवीनीकरण के कार्य को विशेष अभियान चलाकर शीघ्र पूर्ण करने कहा। उन्होंने पिछली राजस्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जमीन से जुड़े सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, डायवर्सन कीसमीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि राजस्व से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होने चाहिए। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिएए जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, संयुक्त कलेक्टर मुकेश रावटे, एसडीएम लवकेश ध्रुव, सोनल डेविड, महेश राजपूत, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित एएसएलआर उपस्थित थे।

## टीएस अत्री को खाद्य नियंत्रक का अस्थायी प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेशानुसार शासन द्वारा जिले के लिए नियमित खाद्य नियंत्रक की पदस्थापना होने तक टीएस अत्री सहायक खाद्य अधिकारी अस्थायी रूप से खाद्य नियंत्रक दुर्ग के प्रभार पर रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। ज्ञात हो कि जिले में पदस्थ खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर अपने 62 वर्ष की अर्द्धवाषिकीय सेवा पूर्ण करने के फलस्वरूप 30 सितम्बर को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गये हैं। उनके स्थान पर शासन द्वारा वर्तमान में खाद्य नियंत्रक की पदस्थापना नहीं की गई है।



हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 5 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 35 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


स्पैरो कंपनी की टैक्स वसूली में गड़बड़ी की खुल रही पोल 10




धमधा क्षेत्र के प्रभावित किसान करेंगे अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल 12







हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
न्यु ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है।
पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## प्रेसवार्ता : तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा, एसपी ने किया खुलासा

# पंजाब से चिट्टा की शहर में तस्करी करने वाला मास्टर माइंड पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जिले में नशे का बड़ा कारोबार बेखौफ तरीके से चला रहे अपराधियों पर नकेल कसने वाली दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। कारोबार में शामिल तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक मास्टर माइंड है जो जिले में नशे का कारोबार को फैला रहा था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एमडीपीएस के तहत कार्रवाई किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि वैशाली नगर पुलिस और एसीसीयू की टीम ने मिलकर कार्रवाई किया है। पुलिस ने पहले चिट्टा से जुड़े चार अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों से पुलिस ने जब पूछताछ करने पर कई खुलासा हुआ। इसे लेकर पुलिस ने जिले में नशे के कारोबार को बढावा देने वाले के बारे में राज पता चली। पुलिस ने टीम बनाकर आरोपियों के खोजबीन में जुट गई। पुलिस को जानकारी हुई कि वृंदा नगर कैम्प 1 निवासी मास्टर माइंड शेरा उर्फ पंजाब से चिट्टा को पंजाब से भिलाई में लाकर लोगों को नशे को आगोश में धकेलता है। पुलिस ने तुरंत शेरा के बारे में डिटेल खंगालना शुरु किया। तब पता चला कि चिट्टा की तस्करी शेरा ने अभी तक नहीं नही छोड़ा है। तब पुलिस ने पंजाब से चिट्टा लाकर राजनांदगाँव, भिलाई, दुर्ग में नशे बेखौफ तरीके से करता था।



### टीम वेशभूषा बदलकर पहुंची थी पंजाब

तब से पुलिस ने टीम को सजग कर शेरा उर्फ शेरसिंह की तलाश में जुटी रही। शेरा उर्फ शेर सिंह का पंजाब कनेक्शन की जानकारी पुलिस को मिली। उसका मोबाईल नंबर, टावर लोकेशन, सीडीआर से टीम ने शेरा उर्फ शेरसिंह को पकड़ने पंजाब के अमृतसर पहुंची। एसीसीयू की टीम ने शेरा को पकड़ाने कई घंटो तक वेशभूषा बदल कर चिट्टा खरीदने ग्राहक बनकर पहुचे। जहां पूछताछ पर पुलिस को पता चला कि दालम, थाना राजासांसी, अमृतसर, पंजाब निवासी जोधा सिंह, मेहला वाला, थाना चण्ढेर अमृतसर लवप्रीत सिंह से शेर सिंह चिट्टा खरीदकर भिलाई लाकर बेचता था। नशे का मास्टर माइंड शेरा उर्फ शेरसिंह के निशानदेही पर पंजाब के दोनों युवकों को भी पुलिस पकड़कर लाई।

### पहले चार युवक पुलिस के हत्थे चढ़े थे

पुलिस ने पहले इसमें एनडीपीएस के तहत रुप सिंह, राजा सिंह, गगनदीप सिंह, प्रवीण दुबे को गिरफ्तार कर जेल भेजा। आरोपियों से पूछताछ करने पर आरोपी शेरा सिंह के पास से 20 ग्राम चिट्टा, जोधा सिंह 20 ग्राम, लवप्रीत से 15 ग्राम कुल चिट्टा जब्त किया गया। कुल 55 ग्राम पुलिस ने चिट्टा जब्त किया है। जिसकी कीमत 5 लाख रूपये आंकी गई है। अब तक मामले में पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पंजाब के इस चिट्टा का कारोबार को जिले में फैलाने वाला शेरा ही करता था। दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है।

### नशीली दवा का काराबोर पांच गिरफ्त में

एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पदमनाभपुर थाना क्षेत्र में नशीली दवाओं का कारोबार करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में वार्ड 28 पचरी पारा दुर्ग निवासी हार्दिक भोई, वार्ड 44 कसारीडीह दुर्ग दिलीप साहू, चौकी सीएसईबी कतोवाली कोरबा दीपक साहू, नेहरु नगर कोरबा भुनेश्वर बरेठ, पदमगली बांझीपुर पचना बिहार रविशंकर प्रसाद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पुलिस ने एल्फाराजोल्म टेबलेट कुल 16 स्ट्रीप 1265 नग जिसकी कीमत 3868 रुपए और डैक्लोमाईन ट्रामाडोल, एसट्यूमिनो फेन कैप्सूल 23 स्ट्रीप 184 नग 164 रुपए का है।आरोपी ऑनलाइन अमेजॉन कोरियर के माध्यम से नशे का कारोबार करते थे। पुलिस ने एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की है। इसमें पदमनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव की टीम का अहम रोल है।

### इस टीम ने दिलाई सफलता

एएसपी सुखनंदन राठौर, एएसपी अभिषेक झा, सीएसपी भिलाई सत्यप्रकाश तिवारी, सीएसपी छावनी हरीश पाटिल, एसीसीयू प्रभारी तपेश्वर नेताम और वैशाली नगर थाना प्रभारी ममता अली शर्मा की संयुक्त टीम समेत सउनि पूर्ण बहादुर, आरक्षक उपेन्द्र यादव, संतोष गुप्ता, पन्ने लाल, जुगनू सिंह, भावेश पटेल, रिंकू सोनी, महिला आरक्षक आरती,थाना वैशाली नगर से उप निरीक्षक उदय शंकर झा की अहम भूमिका रही है।

## सुपेला गदा चौक से विदेशी शराब दुकान हटाने के बाद देशी के लिए धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

सुपेला गदा चौक देशी शराब दुकान हटाने के लिए युवा शक्ति संगठन के नेतृत्व में फिर धरना दिया गया है। यह धरना-प्रदर्शन इसलिए दिया जा रहा है कि अंग्रेजी शराब दुकान हटाने के बाद अब देशी दुकान में विदेशी शराब बेची जा रही है। जिसकी वजह से लोगों की समस्या बनी हुई है। यहां पर और भीड़ बढ़ चुकी है जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### देशी शराब दुकान हटाने की मांग

युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष मदन सेन, शारदा गुप्ता व पारस जंघेल ने कहा कि शराब दुकान ऐसे जगह स्थानांतरित की जाए जहां किसी भी आम लोगों को तकलीफ का सामना ना करना पड़े। वर्ष 2021 से शराब दुकान हटाने के लिए निरंतर ज्ञापन आंदोलन कर रहे है मगर सरकार द्वारा इसे अनियंत्रित स्थापित करने की पहल नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि जब क्षेत्र की समस्त डेयरियों को इकट्ठा कर गोकुलधाम बनाया जा सकता है। इसी तर्ज पर सभी शराब दुकानों को एक जगह इकट्ठा कर भट्टीपारा बनाया जाए । जहां समस्त सुविधाएं पीने वालों को दी जाए जिससे हर जगह शांति व्याप्त हो सके।

### व्यस्ततम मार्ग से आवागमन में दिक्कतें

सुपेला चौक से गदा चौक जाने वाला सबसे व्यस्तम मार्ग है यह सड़क मुख्य मार्ग होने के कारण कोहका स्मृति नगर शांति नगर वैशाली नगर के हजारों लोगों को आवागमन निरंतर इस मार्ग से होता है इसके अलावा क्षेत्र से अनेक कॉलेज हॉस्पिटल छात्र-छात्राओं का आना-जाना निरंतर लगा रहता है। इस रोड पर आए दिन निरंतर दुर्घटना होती रहती है स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे इस रूट से आवागमन करते हैं। शराबी शराब पीकर गाली गलौज करते हैं। रोड पर ही शराब पीकर शराब के डिस्पोजल फेंक देते हैं। यहां से एंबुलेंस फायर बिग्रेड का निकलना विपरीत परिस्थितियों में मुश्किल होगा। शराब दुकान के आसपास सड़क तक शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है। महिलाएं एवं बच्चे इस रोड से आज आने जाने में शर्मिंदगी महसूस करते हैं। अगर निकट भविष्य में प्रशासन इस शराब दुकान को नहीं हटाता तो इसके लिए एक बड़ा जन आंदोलन फिर खड़ा किया जाएगा । प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अध्यक्ष मदन सेन शारदा गुप्ता, पारस जंघेल जुनेब खान , पूर्व पार्षद राजेश प्रधान पूर्व पार्षद दीपक भोंडकर निहाल ठाकुर अमिताभ भट्टाचार्य नीशु पांडे बंटी नाहर सुनील शर्मा भारती बेन पिंकू तिवारी सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

## साइबर अपराध को रोकने अभियान, चरित्र सत्यापन नहीं करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

\साइबर अपराध जन जागरुकता अभियान के तहत पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में थाना व चौकी प्रभारियों की बैठक लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने हिदायत दी। साईबर अपराधो की रोकथाम के लिए जिले के स्कूल कालेज में जाकर साईबर जागरूकता के लिए ऑनलाईन, ऑफलाईन वर्कशाप का आयोजन करने, वीडियो पोस्ट तैयारी कर जिला पुलिस के वेबसाईट और सोशल मीडिया हैडल में पोस्ट टैंग करने, व्यक्तियो की शिनाख्त के लिए साईबर वालंटियर के रूम में जोडने, जिलों के प्रमुख चौक-चौराहो में साइबर जगरूकता के लिए प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है। इसके अलावा साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 एक राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर है। जिसमें साइबर अपराध या वित्तीय धोखाधडी के शिकार होने पर उक्त नंबर पर कॉल की के शिकायत कर सकते है।

▪ बैठक में एसपी ने दी हिदायत, पुलिस कंट्रोल रुम में हुई बैठक

### सत्यापन नहीं होने पर संचालक होंगे जिम्मेदार

जिले के थाना और चौकी क्षेत्र में संचालित उद्योंगों, कंपनियों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों का चरित्र सत्यापन करना अनिवार्य कर दिया गया है। इसे लेकर एसपी ने निर्देश भी जारी किया है। किराये के आवासों और पीजी के रूप में निवासरत लोगों का चरित्र सत्यापन भी कराया जाना है। इसे लेकर चरित्र सत्यापन फार्म जारी किया गया है। जिस पर जानकारी का इन्द्राज कर सत्यापन किया जाएगा। यदि किसी भी उद्योगों, कंपनियों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों, किरायेदारों, पीजी का चरित्र सत्यापन नहीं कराने पर उनके द्वारा अपराध में संलिप्ता पाए जाने पर उद्योग, कंपनियों के संचालक, मकान मालिक स्वयं जिम्मेदार होंगे।

### डकैतीकांड का फरार आरोपी पकड़ाया

**भिलाई।** फर्नीचर कारोबारी के यहां अंजोरा पुलिस चौकी क्षेत्र में हुए डकैती के मामले में पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने बताया कि फर्नीचर कारोबारी गनियारी रसमड़ा निवासी दिलीप मिश्रा और उनकी पत्नी को बंधक बनाकर डकैती की वारदात को अंजाम देकर फरार होने की घटना हुई थी। मकान से डकैतों ने करीब 35 तोला जेवरात, 26 हजार नगद लेकर फरार हुए थे। इसमें पुलिस ने पहले ही भंगू डावर और भूरसिंह चौहान पकड़ा था। इनके पूछताछ के बाद पुलिस ने एमपी निवासी फरार डकैत भील गिरोह का सदस्य टांडा मार्केट एमपी से कालाभाया गिरफ्तार किया है। फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## रिसाली क्षेत्र में टैक्स लेने घर-घर पहुंचेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

छटते हुए टैक्स कलेक्शन को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली गंभीर है। निगम कर्मचारी टैक्स वसूली करने घर-घर दस्तक देंगे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिए। टैक्स वसूली का कार्य सोमवार से आरंभ होगा।

▪ जल कर वसूली पर भी फोकस

6 माह बीतने के बाद लक्ष्य के अनुरूप टैक्स वसूली नहीं हो पाई है। यही वजह है कि निगम ने घर-घर जाकर निगम कोष को बढ़ाने कार्य योजना तैयार की है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि सोमवार से कर्मचारी फिल्ड में रहकर टैक्स वसूली कार्य करेंगे। कर्मचारी बकायादारों से राशि लेकर सीधे निगम के खजाने में जमा करेंगे। इस दौरान सहायक अभियंता एम.पी. देवांगन, राजस्व विभाग के नोडल जयंत शर्मा, राजस्व विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव, राजस्व विभाग के टिकेन्द्र वर्मा उपस्थित थे।

### 11 भागों में बंटा रिसाली

आयुक्त मोनिका वर्मा ने रिसाली टाउनशिप को छोड़कर 32 वार्डो को 11 भाग में बांटा है। प्रत्येक वार्ड का कलस्टर तैयार कर प्रभारी बनाया गया है। प्रत्येक प्रभारी को कर वसूल करने 3-4 कर्मचारी दिया है। जो कर वसूली कर सीधे निगम के खाते में जमा करेंगे।

### वार्ड प्रभारी करेंगे मॉनिटरिंग

कर्मचारी टैक्स वसूली करने घर-घर पहुंचेंगे। इस बात की मॉनिटरिंग वार्ड प्रभारी करेंगे। लक्ष्य के अनुरूप कर संग्रहण नहीं होने पर वार्ड प्रभारी की जवाब देही होगी।

## भेलवा तालाब में सफाई, लाइटिंग के साथ होगी सुबह-शाम गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नेहरू नगर भेलवा तालाब हमेशा से शहर का आकर्षण का केन्द्र रहा है। वहां की प्राकृतिक बनावट सब के मन को लुभाता है। वहां पर शहर के हजांरो लोग सुबह व शाम टहलने जाते है। वहां तालाब और तालाब के किनारे का पेड़ एवं तालाब मे खेलते बतख, हंश आकर्षण का केन्द्र बने रहते है। निगम द्वारा वहां पर ओपन जिम भी लगाया गया है। जहां सुबह-साम सभी लोग व्यायाम करते है। कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा वहां पर अभद्रता किया जाता है। जानबूझकर निगम द्वारा लगाये गये लाईट को रात में तोड़ देते है। वहां चारों तरफ लगी हुई जो जालियां है, उसे भी काट दिये है। इसकी शिकायत नेहरू नगर रेसिडेन्ट एसोसिएशन, वार्ड पार्षद चंद्रेश्वरी बांधे द्वारा उसको पुनः व्यवस्थित करने की मांग की गई थी।

▪ नागरिकों की शिकायत पर निगम आयुक्त बजरंग दुबे ने की पहल



आयुक्त बजरंग दुबे के संज्ञान में जैस ही यह बात आया उन्होने सुबह व शाम पुलिस गशत शुरू करवाई । सफाई व्यवस्था, लाईटिंग एवं संधारण हेतु निर्देशित किए हैं। अभी वहां सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है। लाईट को व्यवस्थित करने के लिए जोन आयुक्त को निर्देशित किये है। बाकी संधारण का कार्य भी शीध्र किया जाएगा। सफाई व्यवस्था देखकर पार्षद चंदेश्वरी बांधे एवं नेहरू नगर रेसिडेन्ट एसोसिएशन के देवेन्द्र भाटिया ने प्रसन्नता व्यक्त की और साथ ही सफाई, लाईट संधारण, पुलिस गस्त के साथ एक समय सारणी के साथ चौकीदार नियुक्त करने को कहा। जो निर्धारित समय पर भेलवा तालाब का गेट खोले और बंद करें। जिससे असमाजिक तत्वों का आना-जाना बंद हो।

## स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने लगाई प्रदर्शनी

# गोबर से बने झूमर- लटकन लुभा रहे लोगों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में वेस्ट से विभिन्न तरह के सजावटी सामान बनाए गए हैं। रानी शक्ति स्व-सहायता समूह द्वारा गोबर से बने सजावटी समान का प्रर्दशनी लगाई गई है। जिसको देखकर लोग आश्चर्य हो गये। गाय के गोबर से बने फूलदान, सजावटी समान, झूमर, लटकन, तोरण, दिया आदि विभिन्न प्रकार की सामग्री समूह की महिलाओं द्वारा बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन व नगर निगम भिलाई का यही प्रयास रहता है, स्व-सहायता समूह के माध्यम से परिवार की महिलाएं तरक्की करे, आगे बढ़े। इसी लिए शहरी अजीविका मिशन के माध्यम से रोजगारोन्मुखी बनाया जा रहा है।





### हुनर देख विधायक व महापौर की सराहना

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल स्वयं देखकर आश्चर्य हो गये। कि वेस्ट से बेस्ट बनाने का हुनर जो समूह की महिलाओ का उन्होने देखा बहुत खुश हुए। विधायक रिकेश सेन ने लोगो से आवाहन किया कि हम सबको महिलाओ द्वारा बनाई गई सामग्री को खरीदकर उन्हे प्रोत्साहित करना चाहिए। जिसको हम बेकार समझकर फेंक देते है वही आज इनके द्वारा सुन्दर सा स्वरूप दिया गया है। जब हम समान खरीदेगे, इनका विक्रय होगा, इनके परिवार में भी खुसीयां आएगी। समूह की महिलाओ का उत्पाद खरीद के हम सब इनका मदद कर सकते है। ऐसी मान्यता है गाय का गोबर सकारात्मक ऊर्जा खिंचता है और रेडियेशन को दुर करता है। गोबर के बने फूलदान, सजावटी समान, झूमर, लटकन, तोरण, दिया आदि सामग्री रखने से घर के आस-पास के वातावरण को शुद्ध रखेगा।

### ट्रक चालक से लूटपाट दो युवक पकड़े गए

**भिलाई।** चाकू की नोक पर ट्रक चालक से लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाइल,लूट की नगद 180 रूपये और चाकू जब्त किया है। भिलाई तीन निवासी चंद्र सिंह 2 अक्टूबर की रात खुर्सीपार से मां दुर्गा की मूर्ति छोड़कर वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान डबरा पारा स्थित सम्राट अशोक चौक के पास अपनी ट्रक को धीरे किया। तब अक्षय नामक युवक ट्रक के सामने आकर रोका दिया। अक्षय का साथी ट्रक में चढ़कर चालक के गर्दन में छोटा चाकू टिका दिया। रुपए, मोबाइल लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम तेलीगूडा खर्रा थाना रानीतराई निवासी दुर्गेश यादव और पाटन अक्षय कुमार पारसी उर्फ डोवा को डबरा पारा उत्तर शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है।

### प्रधानपाठिका के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** प्रधान पाठिका के मकान से सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए),331(3) बीएसएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि गांधी मेमोरयल हायर सेकेण्डरी स्कुल नंदिनी नगर में हरीश कुमार वर्मा शिक्षक के पद पर कार्यरत है। पत्नी शैल वर्मा शासकीय प्राथमिक शाला हिगनाडीह में प्रधान पाठक है। 3 अक्टूबर की सुबह बेटा स्कूल चला गया था। पत्नी मकान में ताला जड़कर काम पर चली गई। बेटा स्कूल से दोपहर को लौटा तो मकान का ताला को खोलकर भीतर प्रवेश किया। तब सब ठीक था। लेकिन पीछे की दीवाल से कमरे के भीतर प्रवेश करने पर आलमारी में रखे सोना चांदी के जेवरात गायब मिला। नगदी 40 हजार रुपए भी था।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



### अर्चना रही भजन गायन प्रथम, मिला सम्मान

**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में आयोजित किया गया। कला संगीत की धरा खैरागढ़ में आयोजित संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर कक्षा चतुर्थ की छात्रा अर्चना एकल भजन में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

## निधन

### इंदु मधुकर राव उमक

**भिलाई।** ए-2 आम्रपाली वनांचल सिटी निवासी इन्दु मधुकर राव



उमक उम्र 83 वर्ष का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सेवानिवृत्त मधुकर राव उमक की पत्नी, इंदु आईटी स्कूल के संचालक संजय एम उमक, इंदु टेक्निकल इंस्टिट्यूट के संचालक सारंग एम उमक, विजया लक्ष्मी, रंजना की मां व मीनल उमक, मेघा उमक, विनायक राव की सास, राजवीर, उत्कर्षा, नीहानशू की नानी और यशोवरधन, कौस्तुभ, वैश्नवी की दादी थीं।

### राजकुमार हसीजा

**भिलाई।** नंदनी माइन्स अहिवारा भिलाई निवासी राजकुमार हसीजा



उम्र 62 वर्ष का निधन 4 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार नंदनी नगर के मुक्तिधाम में किया गया। वे सुमित हसीजा, प्रियांशु हसीजा के पिता, सिंधी पंचायत नंदनी नगर के अध्यक्ष गोवर्धन दास हसीजा के भाई एवं हरीश लालवानी और सुरेश लालवानी के जीजा थे।

### पार्वती देवी अग्रवाल

**दुर्ग।** कादंबरी नगर निवासी पार्वती



देवी अग्रवाल का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. राधेश्याम मंगल की पत्नी व मनोज, सुनील अग्रवाल की मां और ऋतिक और ऋषि की दादी थीं।

### किसानों ने प्रशासन को दिया था सात दिनों का अल्टीमेटम

# धमधा क्षेत्र के प्रभावित किसान करेंगे अनिशिचतकालीन क्रमिक भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

फ़रवरी मार्च में धमधा ब्लाक में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से अनेक गांवों में चना और गेहूं की फसल को क्षति हुई थी किसानों ने आरबीसी के प्रावधान के अंतर्गत राहत राशि की मांग को लेकर अभियान चलाया था। इस पर प्रशासन ने सर्वे किया था और प्रभावित किसानों की सूची बनाई गई थी। दावा आपत्ति के बाद सूची को अंतिम रूप प्रदान किया गया था किंतु सभी गांवों के प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान आज तक नहीं किया गया है। ठेलका, पगबंधी सहित अनेक गांवों के प्रभावित किसानों को राहत राशि का इंतजार है।

प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों ने 7 दिन में राहत राशि प्रदान करने का अल्टिमेटम दिया था इसके बाद भी राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस पर प्रभावित किसानों ने मंगलवार 10 सितंबर को दोपहर 2

**प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों में है नाराजगी**



बजे किसान बंधु के बैनर तले बाबा टेक सिंह चंदेल किसान नेता के नेतृत्व में धमधा के बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय किया था इस पर तहसीलदार ने 7 दिन में राहत राशि का भुगतान कर देने का आश्वासन दिया था। लेकिन प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया । इससे आक्रोशित किसानों ने किसान बंधु के बैनर तले बैठक में किसानों ने निर्णय लिया कि यदि एक सप्ताह में प्रभावित किसानों को राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया तब अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख-हड़ताल किया जाएगा। प्रभावित किसानों को इसके बाद भी राहत राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस पर किसानों ने 2 अक्टूबर को अवंती ठेलका चौक में बैठक कर 8 अक्टूबर से धमधा बस स्टैंड के पास अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख-हड़ताल शुरू करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में बाबा टेक सिंह चंदेल किसान नेता, डालू वर्मा, आत्मा साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, भवानी सिन्हा, दादू शर्मा, भुवनेश्वर नेताम, सतीश सिन्हा, रति वर्मा, परमेश्वर साहू, मदन वर्मा, सनत साहू, चिंताराम, यशवंत चंदेल आदि किसान धमधा क्षेत्र के बैठक में शामिल थे।

## अंचल की खबरें

### छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की हुई बैठक



**सेलूद।** छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को युगल किशोर आडिल राजप्रधान पाटन राज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें पाटन राज के सहायक निर्वाचन अधिकारी केदार कश्यप के द्वारा आगामी 20 अक्टूबर को लोकतांत्रिक प्रणाली से होने वाले केंद्रीय अध्यक्ष चुनाव की तैयारी के संदर्भ में बूथवार आवश्यक जानकारी दिया गया एवं पाटन राज में चुनाव अधिकारियों को निष्पक्ष चुनाव कराए जाने पर जोर दिया गया। बैठक को समाज के दुर्ग जिला चुनाव पर्यवेक्षक पाटन, दुर्ग,धमधा एवं पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष सीताराम वर्मा ने भी संबोधित किया। साथ ही 6 अक्टूबर समय दोपहर 12 बजे को स्वामी आत्मानंद जयंती मनाये जाने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। कार्यक्रम जनपद कार्यालय के सामने स्वामी आत्मानंद आडिटोरियम में आयोजित है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक पाटन, युगल किशोर आडिल राजप्रधान छग मकुक्ष पाटन राज, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. अजय वर्मा अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र मर्रा विशेष अतिथि सीताराम वर्मा पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष छग मकुक्ष समाज, भूपेन्द्र कश्यप अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन होंगे। बैठक में युगल किशोर आडिल राजप्रधान, केदार कश्यप राजमंत्री, जवाहर वर्मा पूर्व राजप्रधान, राकेश आडिल युवाध्यक्ष, अरविन्द वर्मा, इन्द्र कुमार वर्मा, बिरेन्द्र बंछोर आदि उपस्थित थे।

### अहिवारा में चुनरी यात्रा महोत्सव आज

**नंदिनी अहिवारा।** युवा छत्तीसगढ़ी भक्ति मंच अहिवारा द्वारा भव्य चुनरी यात्रा 5 अक्टूबर को शाम 4 बजे भगवती शिवराम मंदिर से माताओं द्वारा चुनरी लेकर अहिवारा शीतला मंदिर में अर्पण किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष राहुल चंदेल ने बताया कि चुनरी यात्रा महोत्सव में विशेष आकर्षक के रूप में काला जादू पंश्चिम बंगाल, कोलकाता मां कालिका काला जादू का पूरा खेल प्रर्दशन, 21 दुर्गा माता रोड शो के लिए अघोरी बाबा की प्रस्तुति वाराणसी, उत्तर प्रदेश जिसमें अघोरा शमशान महाकाल चिता-भस्म होली, मसान पूजा, शिव तांडव, विशाल सिंह सवारी माता का भव्य आकर्षक रहेगा। भक्ति मंच के संस्थापक आनंद ताम्रकार ने बताया कि चुनरी यात्रा के लिए पूरी तैयारी कर लिया गया है, जिसमें 25 मीटर चुनरी माता को अर्पण किया जाएगा। नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने बताया कि यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था हेतु राहगीरों को आवाजाही में किसी भी प्रकार के दिक्कतों का समाना ना करना पडें इसके लिए अहिवारा बायपास रोड उपयोग करने आग्रह किया गया है।

# जंजगिरी में नवरात्रि की धूम 10 दिनों का होगा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

गुरुवार से शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो चुका है। देशभर में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना कर इस पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ दिनों तक मां दुर्गा के भक्त उपवास रखते हैं, जागरण करते हैं और मंदिरों में जाकर मां के दर्शन करते हैं। इस पावन पर्व में मां शीतला मंदिर ग्राम जंजगिरी में ज्योति कलश स्थापना की गई है। मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नवोदय दुर्गोत्सव समिति एवं आजाद दुर्गोत्सव समिति द्वारा माता की मूर्ति विराजमान किया गया है। नवोदय दुर्गोत्सव समिति में त्रावेन्द्र साहू द्वारा माता की प्रतिमा प्रदान की गई है वही आजाद दुर्गोत्सव समिति में छन्नू साहू पत्नी कली साहू द्वारा प्रतिमा भेट की गई है। दोनों मनमोहक मूर्तियां ग्राम औंधी के चक्रधारी परिवार द्वारा निर्मित है। शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष भानु साहू एवं संरक्षक चैन सिंह साहू ने बताया कि शीतला मंदिर प्रांगण में 82 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष तामेश्वर साहू मे बताया कि नवरात्रि के प्रथम दिवस में भूमिजा मानस मंडली गुढ़ियारी रायपुर द्वारा मनमोहक प्रस्तुती की गई। तृतीय दिवस पर मोर मयारू मानस परिवार, गुदगुदा धमतरी, पंचम दिवस में बाल कृष्ण राम धुनी मंडली, बोरईडीह राजनांदगांव, सप्तमी के दिन नव जागृति मानस परिवार, राजनांदगांव तथा नवमी को जय शिव शक्ति बाल जस मंडली, अंजोरा ढाबा के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। दसमी के दिन ग्राम के राममानस मंडली के द्वारा रावण दहन एवं रामलीला का मंचन किया जाएगा।

■ शीतला मंदिर प्रांगण में 82 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई

# सदस्यता अभियान रथ को ध्वज दिखाकर भाजपाइयों ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे भाजपा सदस्यता अभियान के तहत आज भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग कार्यालय भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के ऊर्जावान साथियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान 2024 के निमित्त प्रारंभ की गई। प्रदेशव्यापी सदस्यता रथयात्रा को जिला भाजपा कार्यालय दुर्ग में भाजपा ध्वज दिखाकर रवाना किया। रथयात्रा के शुभारंभ पश्चात दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा इतवारी देवांगन को भाजपा परिवार का सदस्य बनाकर अभिनंदन किया। भाजयुमो के हमारे ऊर्जावान साथी रथयात्रा के माध्यम से घर-घर, गांव-गांव, शहर-शहर पहुंचकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों को भाजपा का सदस्य बनाएंगे। मोदी की गारंटी, विष्णु का सुशासन विश्वास व विकास का प्रतीक बन गया है।



इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, पूर्व केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, भारतीय दुर्ग जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, महिला जिला अध्यक्ष दिव्या कलिहारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष जीत यादव, जयश्री राजपूत, गायत्री वर्मा, चतुर्भुज राठी, मनोज शर्मा, आशीष निमजे, राजा खोखर, नवीन पवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व सदस्य उपस्थित थे।

### ओलंपिक संग के उपाध्यक्ष बनने पर सांसद को दी बधाई



**भिलाई।** दुर्ग सांसद विजय बघेल के ओलंपिक संग के उपाध्यक्ष बनने पर शुक्रवार को हम चाकर गोबिंद दुर्ग संस्था के पदाधिकारियों ने अरविन्दर सिंह खुराना के नेतृत्व में सांसद विजय को बधाई दी। हम चाकर गोबिंद के पदाधिकारियों ने सांसद को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने के लिए अरविन्दर सिंह खुराना, हरविंदर सिंह, हर्ष धालीवाल, हरमीत सिंह, ध्यान सिंह, मनमोहन सिंह, किरत कौर, प्रीत कौर, सिमरन कौर आदि ने बधाई दी है।

### पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज ने किया मां बम्लेश्वरी दर्शन





**अंडा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर अपने एक दिवसीय प्रवास पर राजनांदगांव जिले के धर्म नगरी डोंगरगढ़ पहुंचे। उन्होंने सपरिवार मां बम्लेश्वरी देवी के दरबार पहुंचकर उनके दर्शन किये और पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना। साथ ही वे नीचे छोटी माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

# भाठागांव उद्वहन सिंचाई से औरी तक पानी की मांग जायज: सांसद बघेल

**जामगांव आर।** गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम औरी पहुंचे सांसद विजय बघेल 2013 में संतु साहू द्वारा निर्मित गांधी प्रतिमा में माल्यार्पण कर स्वच्छता के लिए प्रेरित किए और भाजपा की सदस्यता अभियान में जुड़कर लोगो से रूबरू हुए। साथ में भाजपा के तीनों उत्तर मध्य दक्षिण मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, लोकमनी चंद्राकर, महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, शासकीय कालेज जामगांव आर अध्यक्ष नरेश केला, मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, जामगांव आर सोसायटी अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर, भानुप्रिया आदि नेता शामिल हुए।



### सांसद ने किसानों को किया आश्वस्त

सांसद विजय बघेल ने कहा कि भाजपा किसानों का शुभ चिंतक है हमारे भाजपा नेता भगवान सिंह चंद्राकर द्वारा भठागाव उद्धहन सिंचाई से औरी तक पानी की मांग जायज है हम पूरा प्रयास करेंगे। भाजपा के ग्राम से लेकर संसद तक नेता गांव की विकास की चिंता करता इसका उदाहरण इस मंच पर है। यही भाजपा की विशेषता है।इसलिए भाजपा विकास के लिए प्रतिबद्धता दिखती है।

### लिफ्ट का पानी औरी पहुंचाने की मांग उठी

औरी में मुखर किसान नेता भगवान सिंह चंद्राकर ने भाठागांव आर उद्धहन सिंचाई योजना से औरी पानी पहुंचाकर किसानों की खेतो का प्यास बुझाने की मांग बड़ी मुखरता के साथ सांसद के समक्ष रखे। किसानों ने करतल ध्वनि से मांग का समर्थन किए। भगवान सिंह ने बताया कि औरी का पंचायत मुख्यालय बोरवाय तक लिफ्ट का पानी आता है और औरी नही पहुंचता जिससे जन आक्रोश पनपना स्वाभाविक है। किसान नेता ने बताया कि उद्धहन से पानी औरी पहुंचने के लिए मुआवजा पूर्ण होकर नाली निर्माण हो चुका है।पानी सप्लाई नहीं होने के कारण नाली समतल स्थिति में आ चुकी है।जिसकी माकूल व्यवस्था होते ही पानी औरी के किसानों को मिलना प्रारंभ हो जायेगा। कार्यक्रम में संतु साहू,नरेश केला , अंगेश्वर साहू, प्रह्लाद साहू, चेला राम साहू, चंद्रिका चंद्राकर, हीरालाल चंद्राकर, सिरेंद्र साहू, दुर्गेश यादव, दयालु साहू, गिरेंद्र चंद्राकर, नीलकंठ साहू, गुलाब साहू, भानुप्रिया साहू, खेमिन, दुकालहीन, हटियारीन, बिसाखा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### नारधी में रामलीला मंचन का आयोजन 8 से

**सेलूद।** पाटन विकासखंड के ग्राम नारधी में रामलीला मंडली नारधी के स्थानीय कलाकारों द्वारा 8 अक्टूबर से चार दिवसीय भव्य रामलीला मंचन का आयोजन किया गया है। विदित हो कि ग्राम नारधी में शारदीय नवरात्रि के अवसर विगत 61 वर्ष से रामलीला का मंचन किया जाता रहा है जिसमे श्रीराम के जीवन चरित्र के प्रसार के साथ ही ग्राम के युवाओं को प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होता है। आयोजन के 62वें वर्ष मे प्रथम दिवस रामजन्म, ताड़िका वध, अहिल्या उद्धार प्रसंग, द्वितीय दिवस धनुष यज्ञ, लक्ष्मण परशुराम संवाद व तृतीय दिवस सीताखोज, लंकादहन प्रसंग का भव्य मंचन किया जायेगा, 12 अक्टूबर को दशहरे के दिन शानदार आतिशबाजी के साथ रावण दहन किया जायेगा जिसमें विभिन्न जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।

## बिजनेस साइट

# कमला मोटर्स में श्रृंखलाबद्ध हार्वेस्टरों की डिलीवरी



**भिलाई।** यूँ तो हार्वेस्टर आज की आवश्यक मशीनीरों में से एक हैं। जीविकोपार्जन का एक बहुत अच्छा माध्यम है। पहले तो पंजाब के पंजाबियों द्वारा हमारे छत्तीसगढ़ में आकर फसलों की कटाई की जाती थी, लेकिन आज का छत्तीसगढ़िया कृषक आर्थिक ही नहीं अपितु मानसिक रूप से भी समृद्धि की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में नवरात्रि के प्रथम दिवस माँ दुर्गा की पूजा आराधना कर अलग-अलग जिलों के कृषकों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों के लघु एवं वृहद् कृषकों की फसलों की कटाई के लिए भारत की सर्वश्रेष्ठ प्रचलित विश्वसनीय औद्योगिक जिसका लक्ष्य है कि बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा के तर्ज पर कार्य करते हुए पूरे भारत के कृषकों के दिलों पर राज कर रही है। मलारकोटला पंजाब स्थित औद्योगिक जो कि केएस ग्रुप ऑफ कंपनी के नाम से विख्यात है। ऐसी औद्योगिकी की बहुफसली सेल्फप्रपोल्ड कार्बाइन मशीन खरीदकर गौरान्वित हुए। प्रथमः कृषक पुकराम साहू ग्राम शिकारीटोला बालोद के कृषक मशीन की डिलीवरी प्रदान करते हुए मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के नेकदीप भार्गावर वरिष्ठ प्रबंधक, मशीन ग्रहण करते हुए। पुकराम साहू, हितेश साहू, अमित साहू, संतोष साहू, भूपेंद्र साहू, सूर्यकांत साहू, राजूलाल साहू, दिनेश गंधर्व, ओमान गंधर्व, डुमेन्द्र साहू, किशन साहू, गुरु साहू, लोमेश साहू, सरजूराम साहू, सोनू, मोनिका (जमुना), परी। द्वितीयः कृषक रूपेंद्र पटेल भटगांव बेमेतरा यंत्र की डिलीवरी प्रदान करते हुए चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के अंजोरा ब्रांच मैनेजर भीषम वैष्णव यंत्र ग्रहण करते हुए रूपेंद्र कुमार पटेल, चोंगा लाल पटेल, टोप सिंह पटेल, सुरेश पटेल। वहीं तृतीय : कृषक ताकेश्वर साहू गेंदपुर कवर्धा मशीन की चाबी प्रदान करते हुए कमला मोटर्स के प्रोपराइटर कैलाश बरमेचा मशीन ग्रहण करते हुए कुमार राम साहू, ताकेश्वर साहू, घनाचंद साहू, कौशल साहू, लीलेश्वर साहू, धर्मेश साहू, केजाराम साहू, मानसिंह साहू, हिरा राम वर्मा, पप्पू साहू, मानसिंह साहू, धनराज साहू, मनोज साहू, रामभवन साहू। इसके साथ ही कमला मोटर्स के सेल्स प्रमोटर सत्यश्री लक्ष्मीनारायण चंद्राकर, शाखा प्रबंधक खेमचंद गुप्ता, मिलीन्द बांगड़े, मैकेनिक किशोर निषाद, आगंतुक नंदिता सावंत, बरमेचा एलिवेटर्स के प्रमुख मैकेनिक जयदीप सावंत, अमर यादव आदि साथीगण उपस्थित थे।

### भाषण प्रतियोगिता में गीतांजलि प्रथम



**जामगांव आर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में आयोजित किया गया सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों के 302 छात्राएं और 110 छात्र शिशु वर्ग बाल वर्ग किशोर वर्ग और तरुण वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शन कर प्रथम पुरस्कार सम्मान प्राप्त करने में सफल रहे। कला संगीत की धरा खैरागढ़ में आयोजित संस्कृति महोत्सव प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर कक्षा द्वादश की छात्रा गीतांजलि ने पांच जिला स्तर पर आयोजित स्पर्धा में तात्कालिक भाषण में प्रथम स्थान पर सम्मानित हुई।







# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 5 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


## लाइव इवेंट

### पद्मनाभपुर स्टेडियम में पहली बार गरबा, 8 और 9 को जुटेंगी छत्तीसगढ़ी फिल्मी हस्तियां

**दुर्ग।** भक्ति और शक्ति की प्रतीक मां दुर्गे के नवरात्र पर्व पर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में दुर्ग नवनिर्माण समिति द्वारा पद्मनामपुर मिनी स्टेडियम में 8 व 9 अक्टूबर को गरबा उत्सव का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इसमें छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार आस्था शर्मा, ज्योत्सना ताम्रकार, काजल श्रीवास व एंकर के रूप में निकिता चौहान विशेष रूप से शामिल होगी। जबलपुर बैण्ड पार्टी की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रहेगी। कार्यक्रम में दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डों से हजारों की संख्या में महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि गरबा का मुख्य उद्देश्य देवी दुर्गा की आराधना करना है। इस नृत्य के द्वारा देवी की गर्भित उर्जा और शक्ति को प्रकट किया जाता है। गरबा के गोलाकार रुप को ब्रम्हाण्ड के निरन्तर चक्र का प्रतीक माना गया है। मां दुर्गा की कृपा और उनका आशीर्वाद पूरे शहरवासियों पर बना रहे। इसलिए यह आयोजन किया जा रहा है। गरबा नृत्य देवी दुर्गा की शक्ति और दिव्यता का सम्मान करता है।



■ गरबा के माध्यम से की जाएगी देवी की स्तुति : महापौर धीरज

#### माता की स्तुति के बीच छत्तीसगढ़ी गानों की भी प्रस्तुति

बाकलीवाल ने बताया कि गरबा उत्सव में देवी दुर्गा की स्तुति में गाए जाने वाले भक्ति गीतों का समावेश किया गया है। यह नृत्य उन भक्तों की आस्था और भक्ति का प्रतिनिधित्व करता है, जो देवी से जीवन में प्रकाश और उर्जा की कामना करते हैं। गरबा नृत्य के बिना नवरात्रि पर्व की संपूर्णता अधूरी है। गरबा नृत्य एकता और प्रेम का संदेश फैलाते हैं। गरबा उत्सव के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल व उनकी टीम तैयारी में जुटी हुई है। निगम महापौर धीरज बाकलीवाल धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व को निरन्तर आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे है। हरितालिका पर्व पर तीज मिलन उत्सव का पिछले माह शानदार आयोजन इसका बड़ा उदाहरण है।

● एडिशल एसपी ऋचा मिश्रा ने ट्रैफिक रूल्स व साइबर क्राइम की दी जानकारी

# गरबा और डांडिया ट्रेनिंग सेशन का अंतिम दिन आज, प्रतिभागियों को वितरित किए जाएंगे बैच

भिलाई। नवरात्र पर्व पर दैनिक हरिभूमि व आईएनएच द्वारा दो दिवसीय डांडिया रास गरबा 2024 के कार्यक्रम का भव्य आयोजन सेक्टर 8 स्टील क्लब में किया जाएगा। पिछले 7 दिनों से दिए जा रहे गरबा ट्रेनिंग का आज अंतिम दिन रहेगा। शनिवार को ट्रेनिंग में आने वाले सभी प्रतिभागियों को ग्रैंड फिनाले में शामिल होने के लिए बैच दिए जाएंगे। गरबा ट्रेनिंग कार्यक्रम में प्रतिदिन हजारों लोग शामिल हो रहे हैं। शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान समाज सेविका अनामिका रमेश पटेल, आशा सुब्बा, प्रतिभा यादव, किरण सिंह, साधना सिंह, माया अधिकारी, रीता वैष्णव सहित अनेक जन उपस्थित रहे।



#### एएसपी-सभी आयु वर्गों ने सीखा गरबा

ट्रेनिंग सेशन के सातवें दिन प्रतिभागियों ने टिटाडो, भवानी, सेनेड़ो टिमली आदि गरबा गीतों में गरबा के स्टेप सीखकर घंटो तक अभ्यास किया। सातवें दिन के ट्रेनिंग सेशन में एएसपी ट्रैफिक ऋचा मिश्रा उपस्थित हो कर प्रतिभागियों को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए सभी का उत्साह वर्धन किया। साथ ही ऋचा ने प्रतिभागियों को नवरात्र में प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाईन व ट्रैफिक नियमों का पालन करने की बातें कही। उन्होंने सभी को सोशल मीडिया के जरिये होने वाली ठगी से बचने व साइबर क्राइम का जानकारी देते हुए पुलिस आपकी मित्र है बताया।



#### ग्रैंड फिनाले में पारंपरिक वेशभूषा अनिवार्य

6 और 7 अक्टूबर को होने वाले ग्रैंड फिनाले के पहले व दूसरे दिन प्रतिभागियों को ट्रेडीशनल ड्रेसअप में आना अनिवार्य है। जिसमें निर्णायकों द्वारा विजेताओं के नाम घोषित किए जाएंगे।

#### सीखे बेसिक स्टेप, टिटेड़ों सीखने दिखा उत्साह

सीजन 9 का ग्रैंड फिनाले 6 व 7 अक्टूबर को स्टील क्लब में किया जाएगा। जिसके लिए डांडिया व गरबा की ट्रेनिंग नृत्य कला मंदिर रिसाली डायरेक्टर रानी नंदनी और सांई एरोबिक्स क्लासेस के डायरेक्टर संतोष काले के मार्गदर्शन में कोरियोग्राफर जॉनसन, ट्रेनर हरिश, बिट्टू व प्रियल द्वारा टिटोड़ों, भवानी, सनेड़ों आदि गरबा के स्टेप सिखाए गए। सभी आयु वर्गो ने सातवें दिन गरबा के बेसिक स्टेप के साथ नए स्टेप सीखने के लिए काफी पसीनी बहाया। कार्यक्रम में नीता गजभिये, रुपल गुप्ता, आरके भीमा का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन से संबंधित जानकारी हरिभूमि कार्यालय 0788-4091720, 9755819129 में संपर्क किया जा सकता है।





**ये हैं सहयोगी** कमला मोटर्स जीई रोड, गंजपारा दुर्ग, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, अनू ब्यूटी स्टूडियों नेहरु नगर, आरोग्यम सुपरस्पेशियेलिटी हॉस्पीटल एंड रिसर्च सेंटर, श्री सज्या बुटिक आकाशगंगा, लक्ष्मीपति राजू पार्षद सेक्टर 7, अतुल महाजन, संस्कार बुटिक सेक्टर 7, लेटेस्ट कलेक्शन महाराजा चौक दुर्ग, समाजसेविका अनामिका रमेश पटेल, अन्नू ब्यूटी क्लीनिक प्रगति नगर रिसाली, कमला मेडिकल सुपेला है।

## सिटी इवेंट

### सेरा शोध एक ऐसा डेटा बेस, जिससे आप रिसर्स पेपरों को आसानी से पढ़ सकते हैं : डॉ. सिंह



**दुर्ग।** वासुदेव चंद्राकर कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा में यूजेस ऑफ जे-गेट सेरा एण्ड ई-रिसोर्सेस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने कहा कि आज का युग टेक्नोलॉजी का युग है। सेरा शोध पत्रिकाओं का एक ऐसा डेटाबेस है, जिसके माध्यम से आप शोध आलेखों को आसानी से पढ़ सकते हैं। इसके माध्यम से कृषि, जैव चिकित्सा विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, सामाजिक और प्रबंधन विज्ञान से संबंधित आलेखों, पुस्तकों और शोध पत्रिकाओं को पढ़कर अपने शोध कार्यों को और अधिक परिमार्जित कर सकते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों एवं पाठकों को दी जाने वाली सेवाओं की भूरी-भूरी प्रसन्नता करते हुए इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। कार्यशाला में इनफॉर्मेटिक्स बेंगलुरु के प्रशिक्षक महेंद्र नाथ सरकार ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सेरा की उपयोगिता, सेरा के माध्यम से शोध आलेखों, ई-जर्नल्स, ई-बुक्स को कैसे एक्सेस किया जा सकता आदि से अवगत कराया। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ.आरके सोनवणे भी मौजूद थे।

■ कामधेनु यूनिवर्सिटी अंजोरा में यूजेस ऑफ जे-गेट सेरा एंड ई-रिसोर्सेस पर कार्यशाला

#### 67 प्रतिभागियों ने निभाई सहभागिता



जे-गेट सेरा यूजर्स को लेखक के नाम, की-वर्ड आदि के द्वारा भी जनर्ल्स को खोजने की सुविधा प्रदान करता है। इस कार्यशाला में 67 प्रतिभागियों की सहभागिता रही। इस कार्यशाला के सफल आयोजन में सह-आयोजक डॉ.ओपी देनानी, डॉ. केसर परवीन, डॉ.शिवेश देशमुख, इंजीनियर संकल्प बहादुर सिंह, प्राध्यापकगण तथा अध्यनरत छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. केसर परवीन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ओपी देनानी ने किया।

### राकेश जेल निरीक्षण समिति और उमा भारती अधिवक्ता नियुक्ति समिति की सदस्य बनीं





**दुर्ग।** जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य राकेश यादव को जिला जेल निरीक्षण समिति का सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार उमा भारती साहू को वन विभाग शासकीय अधिवक्ता नियुक्ति समिति का सदस्य बनाया गया है। दोनों की नियुक्ति विधायक गजेंद्र यादव की अनुशंसा पर जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने की है। राकेश अधिवक्ता संघ दुर्ग के सहसचिव व विधि प्रकोष्ठ के सहसंयोजक भी हैं। इसी प्रकार उमा भारती साहू की नियुक्ति एकल सदस्य के रूप में की गई है। उमा भारती वरिष्ठ महिला उपाध्यक्ष व विधि प्रकोष्ठ की जिला संयोजक भी हैं।

# जरुरतमंदों की सहायता के लिए अग्रवाल समाज के 9 परिवारों ने साल में 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा

### अग्रसेन जयंती के समापन समारोह में आईजी रामगोपाल गर्ग हुए शामिल

**दुर्ग।** अग्रसेन भवन स्टेशन रोड में आठ दिनों तक चले अग्रसेन जयंती समारोह का समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आईजी रामगोपाल गर्ग शामिल हुए। उन्होंने कहा कि समाज हमेशा से अग्रणी भूमिका में रहा है। आज भी वह अपने मूल सिद्धांतों के अनुरूप अग्रसर हैं। इस अवसर पर उन्होंने ऑनलाइन साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह से थोड़ा से अवेयर रहकर बचा सकता है। सिर्फ हम सभी को जागरूक होने की जरुरत है। इस अवसर पर समाज के 9 लोगों ने साल में 11-11 हजार रुपए की आर्थिक सहायता जरुरतमंदों को करने की घोषणा की। ताली बजाकर समाज के सभी प्रमुखों ने इन परिवारों का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे ही प्रयास की जरुरत हैं। हम सभी को दान के साथ दूसरों के काम आने के लिए हमेशा खड़े रहना चाहिए। समाज हर किसी की मदद के लिए प्रयासरत है। आगे भी यह कार्य जारी रहेगा।



#### समाज के प्रतिभाशाली युवा और बच्चे सम्मानित

इस अवसर पर 8 दिनों तक चली प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि राम गोपाल गर्ग के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ। समाज के प्रतिभाशाली युवा और बच्चे भी सम्मानित किए गए। अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। आयोजित प्रतियोगिताओं में समाज के 1 हजार से ज्यादा युवा, बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया। संरक्षक सुधीर अग्रवाल एवं कैलाश रूंगटा ने बताया कि अग्रसेन जयंती समारोह पिछले कई वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में डॉ. तरल गर्ग भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में विशेष रूप से जयदेव सिंघल और विजय अग्रवाल शामिल हुए। महासचिव ललित सेक्सरिया ने बताया कि इस वर्ष महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा की जबाबदारी अग्रवाल यूथ क्लब को दी गई, जिन्होंने इसे बखूभी निभाया।

#### महिलाओं की भी रही सहभागिता, सम्मानित भी हुईं

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्षा सरिता गोयल एवं कार्यकारी अध्यक्षा अनिता अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष महिलाओं की शानदार उपस्थित एवं सक्रियता ने सभी कार्यक्रम को रोचक बनाया। युवा मंडल के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल एवं यूथ क्लब के अध्यक्ष आकाश गोयल ने बताया कि युवाओं एवं बच्चों में इस वर्ष प्रतियोगिताओं को लेकर बहुत उत्साह था। पंकज कीर्तुका ने बताया कि इस वर्ष कई नए आयोजन हुए। कार्यक्रम में कमलनारायण रुंगटा, महेंद्र सक्सेरिया, मनोज अग्रवाल, दीपक बंसल, संजय रुंगटा, प्रेम अग्रवाल, प्रहलाद रूंगटा, संजय गर्ग, राधे श्याम कीर्तुका, विनोद अग्रवाल विनीत खेतान, दिनेश अग्रवाल, सतीश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# अग्रवाल समाज की महिलाओं ने दिया प्री-वेडिंग शूट के खिलाफ संदेश

**भिलाई।** अग्रसेन जयंती सप्ताह के अंतिम दिन सेक्टर-6 स्थित अग्रसेन भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें छोटे बच्चों से लेकर युवाओं एवं महिलाओं ने भी नाटकों के माध्यम से संदेश दिया। समाज की महिलाओं ने इस अवसर पर युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने संस्कारों को न भूलें। उन्होंने युवा पीढ़ी को प्री-वेडिंग फोटोशूट की अपसंस्कृति से बचने की भी सलाह दी। इससे पहले ग्रैंड हाउजी का आयोजन किया गया, जिसमें लाखों रुपए के इनाम विजेताओं ने प्राप्त किए। समाज के अध्यक्ष बंसी अग्रवाल और सचिन अनिल अग्रवाल ने बताया कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने को सम्पूर्ण आयोजन के दौरान प्रधानता दी गई। स्वर्ण सीढ़ी की अवधारणा को जहां पुरखों के सम्मान से जोड़ा गया। वहीं प्री-वेडिंग फोटोशूट के साइड इफेक्ट्स के बारे में लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।





#### खेलकूद के विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित

खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के द्वारा युवाओं को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने मोबाइल फोन के बेजा इस्तेमाल के खिलाफ भी सचेत किया गया। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजनांदगांव कलेक्टर संजय अग्रवाल थे। उन्होंने समाज से अच्छे-अच्छे कार्यक्रम कर समाज का नाम गौरन्वित करने की अपील युवाओं से की। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन समाज के अध्यक्ष बंसी अग्रवाल ने किया।

### सेवा सप्ताह : लायंस क्लब ऑफ़ दुर्ग सिटी का सात दिवसीय आयोजन

# सीपीआर से शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ता है, मस्तिष्क की मृत्यु को भी है रोकता

**कार्नर न्यूज**

दुर्ग। सेवा परमो धर्म के ध्येय वाक्य के साथ लायंस क्लब ऑफ दुर्ग सिटी का सेवा सप्ताह जारी है। इस दौरान क्लब द्वारा खालसा पब्लिक स्कूल में हेल्थ शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सीपीआर की जरुरत और इसके उपयोग के तरीके बताए गए। एक्सपर्ट्स ने बताया कि आपात स्थिति में किसी व्यक्ति की जीवन रक्षा कैसे करें। सीपीआर कैसे दें। एनेस्थिया विशेषज्ञ डॉ. जया लालवानी ने इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीपीआर देने से शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ता है, और बिगड़ते हालात को हॉस्पिटल पहुंचाने तक नियंत्रित किया जा सकता है। इतना ही नहीं शून्य होते मस्तिष्क को भी सुरक्षित करता है। डॉ. जया लालवानी ने उपस्थित सदस्यों को प्रैक्टिकल के माध्यम से सीपीआर की जानकारी दी। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिलीप लालवानी भी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वज वंदन का पठन महमूद हिरानी ने किया।




#### अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मान

स्वागत भाषण अध्यक्ष सुमन पांडे ने दिया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया किया गया। इस अवसर पर हरमीत सिंह भाटिया, स्कूल की प्रिंसिपल लखविंदर कौर, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुनीता बोकाडे, मनिंदर कौर, अमर सिंह गुप्ता, बृजमोहन खंडेलवाल, सतीश चंद सुराना, विजया देवी सुराना, ज्ञानचंद पाटनी, विनोद परमार, अनिता तिवारी, सुनील अग्रवाल सहित करीब 250 लोग उपस्थित थे।

#### पौधारोपण कर सहेजने का लिया संकल्प

लायंस क्लब दुर्ग सिटी राष्ट्रपित महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। इसके बाद कपड़ा मार्केट पुलगांव के आसपास कुसुम देवी देशलहरा की स्मृति में 100 औषधीय एवं फूलदार पौधे रोपे गए। इस जगहों पर 250 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया। बृजमोहन खंडेलवाल ने उपस्थित सभी सदस्यों को स्वल्पाहार करवाया। कार्यक्रम प्रभारी कैलाश जैन बरमेचा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ज्ञानचंद पाटनी, एसपीएस दुलई, शंकरलाल अग्रवाल, डॉ. रौनक जमाल, सुनील अग्रवाल, कैलाश जैन बरमेचा सहित अन्य मौजूद थे।



#### सेवा परमोधर्म की भावना से लायंस क्लब सदस्यों ने किया रक्तदान

लायंस क्लब दुर्ग सिटी द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान लायंस क्लब के सदस्यों ने 20 यूनिट रक्तदान किया। अमर सिंह गुप्ता, महमूद हिरानी, आशीष सुराना, शिवांग अग्रवाल, श्रवण साहू, गुलशन, राहुल, किशन विश्वकर्मा, सुशील जोशी, चंद्रकांत देवांगन, यशवंत साहू, अमिताभ सिंह, मोनू पटेल, मोहन सिंह, कमल साहू, उत्तम, अश्विनी उमरे, प्रताप, नारायण, साहिल ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. निशिता सेठी मौजूद थे। उनके मार्गदर्शन में रक्तदान का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सेवा सप्ताह संयोजक हरमीत सिंह भाटिया ने कहा कि यह एक पुनित कार्य है। हम सभी को जरुरत के समय रक्तदान करना चाहिए।जरूरतमंद व्यक्ति को रक्त की जरूरत पड़ने पर अध्यक्ष सुमन पांडे ने रक्त उपलब्ध करवाया।इस कार्यक्रम में पीएस दुलई, सतीष चंद सुराना, रौनक जमाल, रश्मि अग्रवाल, अनिता तिवारी, अमर सिंह गुप्ता, महमूद हिरानी उपस्थित थे।

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को मिले पांच प्रतिशत आवास और रात्रि भत्ता

## स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की बैठक में मजदूरों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक सेक्टर 4 में हुई। बैठक में ठेका श्रमिकों को जायज बोनस सहित विभिन्न समस्याओं में निदान कराने पर चर्चा की गई। प्रबंधन से मांग की गई कि अपने सर्कुलर के अनुरुप दिवाली पूर्व पूर्ण बोनस दिलवाए। ऐसा नहीं किए जाने पर आंदोलन किया जाएगा।

बैठक में यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि इंटक यूनियन के प्रयास से ठेका श्रमिकों के 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया गया। सभी ठेका श्रमिकों का मेडिकल चेकअप करवाया जा रहा है। वेतन और छुट्टी संबंधी शिकायतों में लगातार निराकरण किया जा रहा है। ईएसआईसी अस्पताल में सुविधाओं में बढ़ोतरी।एचएसएलटी ठेका श्रमिकों के केवाईसी के लिए इंटक यूनियन के मांग पर प्रबंधन ने अलग से कैंप लगाकर रखा है, जिसमें केवाईसी कर उनको पेंशन दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक बीएसपी के ठेका श्रमिकों को पूर्ण बोनस और छुट्टी का वेतन व राउरकेला इस्पात संयंत्र की तरह 5% आवास भत्ता व रात्रि भत्ता , ठेका श्रमिकों को सभी गेट से आने जाने और राष्ट्रीय अवकाश की सुविधा की मांग की गई । सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए आंदोलन किया जाएगा।



### श्रमिकों को मिले पूर्ण बोनस

बैठक में बताया कि ठेका श्रमिकों का बोनस में बढ़ोतरी के लिए प्रबंधन से चर्चा की जा रही है लेकिन कुछ ठेका कंपनियों द्वारा ठेका श्रमिकों निर्धारित बोनस से भी कम राशि 3000, 4000 दी जाती है । श्रमिकों ने मांग की है बीएसपी प्रबंधन अपने निकल गए सर्कुलर के अनुसार पूर्ण बोनस दिलवाएं । ठेका श्रमिकों ने कहा दीपावली पूर्व निर्धारित पूर्ण बोनस नहीं दिया गया तो प्रबंधन से इसकी शिकायत की जाएगी और जरूरत पड़ी तो आंदोलन भी किया जाएगा।ठेका श्रमिकों को अधिकांश विभागों में ए डब्ल्यू ए का 2300 रुपए और 1400 रूपए भी पूर्ण रूप से नहीं दिया जा रहा है बीएसपी प्रबंधन ठेका का राशि में ए डब्ल्यू ए की राशिजोड़ दिया जाता है लेकिन कुछ ठेका कंपनियों को छोड़कर बहुत से ठेका कंपनियों द्वारा यह राशि पूर्ण रूप से नहीं दी जा रही है। बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंह आर दिनेश, मनोहर लाल, गुरुदेव साहू, जसवीर सिंह, रिखी राम साहू, जय राम ध्रुव संतोष ठाकुर डीपी खरे सुरेश दास टंडन आदिकार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कांटेक्ट का रक्तदान शिविर कल

**भिलाई।** कांटेक्ट संगठन द्वारा 6 अक्टूबर को स्टील क्लब सेक्टर 8 में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में रक्तदान के साथ रक्तदाताओं और आगंतुकों को निशुल्क रक्त जांच और दंत जांच व परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रेड क्रास सोसायटी के सहयोग से रक्तदान शिविर में 92 लोगों ने रक्तदान किया गया था। संस्था द्वारा लोगों से रक्तदान की अपील की गई है।

### डॉ. नीलम को पीएचडी

**नंदिनी।** रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा दीक्षांत समारोह में डॉ नीलम चौहान को पीएचडी की उपाधी प्रदान की गई। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राज्यपाल रमन डेका थे। डॉ नीलम का शोध वर्तमान समय में बाल अपराध के कारण सामाजिक आर्थिक विघटन रोकने में शिक्षा की भूमिका पर अध्यन किया इस दौरान रावतपुरा सरकार के डॉ ईश्वर यदु के निर्देशन मनें शोध को पूरा किया है।



### मीनाक्षी नगर में सुंदरकांड पर व्याख्यान आज

**भिलाई।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग के तत्वावधान में केसरीनंदन हनुमान मंदिर मीनाक्षी नगर दुर्ग में सुंदरकांड पर व्याख्यान 5 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित है। मुख्य वक्ता तेंदुआ आश्रम शिवरीनारायण के डॉ अशोक हरिवंश होंगे। महासंघ के अध्यक्ष बीके वर्मा में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### मसीही गीत संगीत प्रतियोगिता आज

**भिलाई।** क्रिश्चियन कम्यनिटी चर्च सेक्टर-6, भिलाई वर्षगांठ के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय क्रिश्चियन गीत-संगीत प्रतियोगिता 2024 का आयोजन 5 अक्टूबर को दोपहर 2:30 बजे से गिरजाघर प्रांगण में किया है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्तर पर सर्वश्रेष्ठ गीत संगीत एवं गायन के लिए पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जिसमें ग्रुप सॉन्ग ऑफ़ द ईयर के लिए पुरस्कार 10 हजार रुपए तथा समूह गान में पुरस्कार राशि प्रथमः-7 हजार, द्वितीयः-5हजार, तृतीयः-3 हजार रखी गई है। , इसके अलावा अन्य श्रेणियों में पुरस्कार प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना विनिंग कप, रनिंग शील्ड प्रदान की जावेगी। कार्यक्रम के संयोजक दीपक हेमरोम तथा सह संयोजक वी के सैमुअल है।

### नगर सेवा ने अनुभाग कर्मी दुर्गा को दी विदायी



**भिलाई।** नगर सेवा विभाग की अनुभाग कर्मचारी दुर्गा वर्मा को लाइसेंस अनुभाग ने सेवानिवृति पर विदाई दी। कार्यक्रम मे महाप्रबंधक आरके साहू, एमके साहू, सहायक महाप्रबंधक वायके साहू, सीनियर मैनेजर केएन राय, अजय बेनर्जी, समर्जीत दत्ता,आलोक ताम्रकार और रेखा ने दुर्गा के सेवा कार्यों को सराहा। अनुभाग ने सेवानिवृत्ति पर पुष्प एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हे सम्मानित किया । इस अवसर पर पी मनोज, लुसिआ शर्मा, सुलेखा नायक,सुस न अब्राहम, प्रकाश, प्रमोद गिरी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक मुकुंद मणिकपुरी ने किया।

### सुरक्षा पहले घर से घर तक कार्यक्रम शुरु

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एवं रॉड मिल द्वारा सुरक्षा पहल घर से घर तक कार्यक्रम शुरु किया गया । बीआरएम ने सुरक्षा पर संवाद के लिए 100 ठेका श्रमिकों को उनके परिवार के सदस्यों के साथ मानव संसाधन विकास केंद्र में आमंत्रित किया। मुख्य अतिथि सीजीएम योगेश शास्त्री ने कहा कि कार्यस्थल पर पूरी तरह से सतर्क और सचेत रहना चाहिए, ताकि ऐसी गतिविधियों से बचा जा सके जो सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकती है।महाप्रबंधक सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष और शिखर तिवारी ने भी घर और कार्यस्थल पर तथा बीच के आने जाने के दौरान सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## एनजेसीएस यूनियनों ने मांगा 40500, मात्र 26500 का सर्कुलर जारी

# बोनसः सेल प्रबंधन के एकतरफा रवैये से बढ़ा असंतोष, आज प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई। बोनस बैठक बेनतीजा होने को लेकर भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों में असंतोष है। संयुक्त यूनियन द्वारा सेल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ शनिवार को सेलव्यापी विरोध के तहत 5 अक्टूबर को मुर्गा चौक पर प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद 14 और 15 अक्टूबर को धरना दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर को दिल्ली में बोनस को लेकर प्रबंधन और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई थी,जिसमें प्रबंधन बोनस फार्मूले का हवाला देते हुए 26500 रुपए बोनस देने की बात कही । इसे सभी यूनियनों ने खारिज कर दिया था । एनजेसीएएस यूनियनों ने एकजुटता दिखाते हुए बोनस फार्मूला को नकारते हुए 40 हजार 5 सौ रुपए बोनस की मांग की थी। इससे नाराज एनजेसीएस यूनियनों की 2 अक्टूबर को दिल्ली में हुई बैठक में 40 हजार 5 सौ से अधिक बोनस व 30 महीने के एरियर्स तथा अपूर्ण वेतन समझौता को जल्द फायनालाईज करने की मांग को लेकर तीन फेस में आंदोलन का निर्णय लिया था। इस दौरान सेल प्रबंधन ने यूनियनों के परवाह न करते हुए एकतरफा निर्णय ले पूर्व फार्मूला के मुताबिक मात्र 26,500 बोनस सीधे कर्मियों के खाते में डाले जाने का सर्कलुर जारी कर दिया। हालांकि सीटू व इंटक भिलाई द्वारा सर्कुलर को बर्नपुर के कर्मियों को बताया जा रहा है लेकिन संभावना जता रहे हैं कि 26 हजार 5 सौ बोनस का सर्कुलर सभी यूनिटों पर लागू हो सकता है। प्रबंधन के इस मनमाने रवैये के खिलाफ संयुक्त यूनियन द्वारा 5 अक्टूबर को सेल व्यापी प्रदर्शन फिर 14, 15 अक्टूबर को धरना और फिर सेलव्यापी हड़ताल का ऐलान किया गया है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि बेनतीजा बैठक व बर्नपुर के एकतरफ अल्प बोनस के सर्कुर से पूरे सेल कर्मियों में असंतोष है, जिसका विरोध धरने के दौरान दिखेगा।

### संयुक्त यूनियन का होगा सेलव्यापी आंदोलन



### सर्कुलर के खिलाफ सीटू ने डीआईसी बर्नपुर को भेजा विरोध पत्र

स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव ललित मोहन मिश्र ने डायरेक्टर पर्सनल को विरोध पत्र मेल किया है। यूनियन के मुताबिक सेल प्रबंधन के 26,500 रुपये बोनस खाते में डाले जाने के निर्णय से कर्मचारियों में नाराजगी है। प्रबंधन ने 26,500 रुपये के बोनस की घोषणा की है। इस्को स्टील प्लांट के कर्मचारियों के लिए जारी हुए 26,550 बोनस के सर्कुलर से बीएसपी सहित अन्य यूनिटों में भी कर्मियों में नाराजगी है। सीटू के मुताबिक बीएसएल बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि बीएसएल के लिए अभी तक कोई सर्कुलर जारी नहीं हुआ है, लेकिन संभावना है कि बोनस की राशि वही रहेगी जो इसको के कर्मचारियों को दी गई है। सर्कलुर में 26,500 रुपये की राशि गैर-कार्यकारी कर्मचारियों के लिए घोषित की गई है। ट्रेनी को 21200 रूपये बोनस मिलेगा। इस बोनस की राशि बोनस (संशोधन) अधिनियम, 2015 के तहत दी जाएगी। इसमें गैर-कार्यकारी प्रशिक्षु भी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त, जो कर्मचारी 1 अप्रैल 2024 तक सेल के रोल पर थे और अभी भी कार्यरत हैं, उन्हें ही यह बोनस मिलेगा। सर्कुलर के अनुसार, यह राशि सेल की परफॉरमेंस से जुड़ी प्रोत्साहन राशि के रूप में भी मानी जाएगी ।

### प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ कर्मी हो रहे हैं लामबंद

सेल के इतिहास में नई-नई घटनाएं हो रही है प्रबंधन पहली बार बोनस बैठक बुलाने के बजाय फार्मूले का हवाला देते हुए बोनस की गणना करके यूनियन प्रतिनिधियों को मिलने वाली राशि सूचित करने के लिए दिल्ली में आमंत्रित किया था। प्रबंधन के द्वारा जारी किया गया चिट्ठी आपत्तिजनक था यूनियन प्रतिनिधि पहले ही बोनस फॉर्मूले को नकार चुके थे और बोनस की सम्मानजनक राशि निर्धारित करने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। लेकिन प्रबंधन की मनमानी से नाराज यूनियनें एकजुट होकर विरोध कर रही हैं।

### प्रदर्शन के बाद होगी हड़ताल

बोनस को लेकर सेल प्रबंधन द्वारा बुलाई गई बैठक विफल होने और फिर एकतरफा सर्कुलर जारी करने के खिलाफ भिलाई की संयुक्त ट्रेड यूनियन मे शामिल 9 ट्रेड यूनियनों द्वारा शनिवार को शाम 5:30 बजे से मुर्गा चौक पर प्रदर्शन किया जाएगा । 1 अक्टूबर को सेल प्रबंधन द्वारा बोनस के लिए बैठक बुलाया गया था। इसमें प्रबंधन 26500 रु से ज्यादा बोनस नहीं देने पर अड़ा रहा । पांचों एनजेसीएस यूनियन द्वारा बोनस फार्मूला बदलने की मांग की गई । एनजेसीएस यूनियन 40 हजार 5 सौ बोनस मांग रही थी। सेल प्रबंधन द्वारा एमओयू के बाद एरियर्स नहीं देने, वेज रिवीजन पूरा नहीं करने एवं बोनस फार्मूला नहीं बदलने से नाराज एनजेसीएस यूनियनों ने 2 अक्टूबर को यह निर्णय लिया कि नवंबर में पूरे सेल में एक साथ हड़ताल किया जाएगा । इसके लिए सबसे पहले 5 अक्टूबर को सभी यूनिट में प्रदर्शन किया जाएगा और 14 व 15 अक्टूबर को धरना दिया जाएगा । संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर सिंह ने बताया कि एनजेसीएस यूनियन के द्वारा लिए गए निर्णय के तहत भिलाई की इंटक, बीएमएस, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, लोईमू ,इस्पात श्रमिक मंच और स्टील वर्कर्स यूनियन की हुई बैठक मे निर्णय लिया गया कि 5 अक्टूबर को सेल प्रबंधन की तानाशाही के खिलाफ मुर्गा चौक पर प्रदर्शन किया जाएगा ।

## नगरीय प्रशासन मंत्री के 1 तारीख को वेतन देने का निर्देश बेअसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डिप्टी सीएम एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के एक तारीख को वेतन देने के निर्देश का पालन नहीं हो रहा । साव ने नगरीय निकायों की 25 एवं 26 सितम्बर को रायपुर में आयोजित बैठक में इसके निर्देश दिए थे। सभी नगर निगम आयुक्त एवं नगर पालिका नगर पंचायतों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए थे कि वह अपने कार्यालयों के कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान 1 अक्टूबर तक आवश्यक रूप से कर देंवे तथा समय पर वेतन भुगतान की शिकायत नहीं आनी चाहिए कहां गया था।

■ कई निकायों में दो महीने का वेतन नहीं मिला कर्मचारियों को

### किसी भी निकाय में एक को नहीं मिला वेतन

इस संबंध में विभागीय मंत्री के समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देने के बावजूद भी जिले में किसी नगरी निकायों में 1 अक्टूबर को वेतन भुगतान नहीं किया जा सका है। जिससे नगरी निकाय के कर्मचारियों में रोष है। यह भी स्पष्ट हो गया है कि निकायों के अधिकारी विभागीय मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों का कितना पालन करते हैं।

### आश्वासन पर खत्म किया था हड़ताल

समय पर वेतन की मांग को लेकर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने तीन दिवसीय हड़ताल दो दिन में ही संचालक नगरी प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया था । इसी कारण विभागीय मंत्री ने समय पर वेतन भुगतान हेतु नगर निगम एवं नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया था। उसके बाद भी वेतन समय पर भुगतान नहीं होने पर नवयुक्त कर्मचारी संगठन ने पुनः हड़ताल की योजना बनानी शुरू कर दी है।

### चुनाव का करेंगे बहिष्कार

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, पंकज मेश्राम तथा मोहम्मद शेर खान ने बताया है कि विभागीय मंत्री के समीक्षा बैठक में स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया था कि नगरी निकाय के कर्मचारियों का वेतन 1 अक्टूबर को अनिवार्य रूप से दिए जाएं। निर्देश देने के बाद भी नगरी निकाय के कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान नहीं हो रहा है। बहुत सारे नगरीय निकायों में अभी भी 1 से 2 माह वेतन भुगतान हेतु लंबित है। संघ ने आने वाले समय में नगरीय निकाय चुनाव बहिष्कार का बहिष्कार करने की भी योजना बना रही है।

## सेवादल के कार्यकर्ता न्याय यात्रा में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

न्याय यात्रा में कांग्रेस सेवा दल के जिला दुर्ग ग्रामीण का अध्यक्ष लक्ष्मी नरसिम्हा के नेतृत्व में लोग शामिल हुए। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार को घेरते हुए एक बड़ा आंदोलन शुरु किया है? प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में यह यात्रा निकल रही है। न्याय यात्रा का नाम दिया गया है ,यह नया यात्रा 27 सितंबर को गिरोधपुरी धाम से शुरू हुआ है। जो की 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन राजधानी गांधी मैदान में में समाप्त हुई। कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल होने कांग्रेस सेवा दल जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नरसिम्हा के नेतृत्व में कार्यकर्ता गिरोधपुरी पूरी पहुंचकर। इस न्याय यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। स्थाई यात्री के तौर पर गिरोधपुरी से रायपुर तक पैदल यात्रा में चलते रहे राकेश सिसोदिया, जिला महामंत्री दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस सेवादल रामपाल नाविक मौजूद थे।

■ भिलाई चरोदा से शामिल होने पहुंचे कार्यकर्ता

## वीरा सिंह की पुण्य तिथि पर बेबे नानकी गुरुद्वारा को सिंह परिवार ने भेंट किया बिजली पेनल व आरो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ गुरुनाम सिंह ने पुत्र इंद्रजीत के योगदान को सराहा

व्यवसायी स्व. सरदार दलबीर सिंह ( वीरा सिंह ) की पांचवी पुण्य तिथि के अवसर पर खुर्सीपार स्थित बेबे नानकी गुरुद्वारा में सुखमनी साहिब का पाठ और शब्द कीर्तन हुआ। अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर भी बंटा। वीरा सिंह की पत्नी कुलवंत कौर और उनके पुत्र इंद्रजीत सिंह ( छोटू भैया ) द्वारा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को अपने पिता की स्मृति में 15 किलो वाट का सोलर बिजली पैनल और 500 लीटर का आरो तथा कूलिंग सिस्टम वाटर कूलर भेंट किया गया। समाजसेवी गुरुनाम सिंह ने कहा कि वीरा सिंह के पुत्र इंद्रजीत सिंह सेवा समाज हित के कार्य बखूबी निभा रहे हैं। साढ़े चार लाख की लागत से गुरुद्वारा के रंग रोगन फाल सीलिंग पीओपी के कार्य का खर्च भी पूरा कराया जा रहा है। वीरा सिंह की स्मृति में बनाया गया अस्पताल कई जरूरतमंदों को नया जीवन प्रदान कर रहा है। एसबीएस हॉस्पिटल को सेवा कार्य के लिए धनवंतरी सम्मान से भी सम्मानित भी किया गया है। कार्यक्रम में अंचल से सिख समाज के लोगों के साथ समाज सेवी अंजय शुक्ला, ट्रांसपोर्टर प्रभुनाथ बैठा, छग सिख पंचायत के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल, सभी पदाधिकारी, कांग्रेस नेता अतुल चंद साहू ,कांग्रेस नेता सुनील चौधरी, समाज सेवी अनिल सिंह, अनिल चौधरी, प्रभुनाथ मिश्रा, गुरमुख सिंह, निर्मल सिंह, जोगा राव, भाजपा नेता साजन जोसफ, मोहित अग्रवाल, काली राय सहित आदि उपस्थित थे।

## ज्वेलरी संचालक से मंत्रालय कर्मी ने की अमानत में खयानत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ज्वेलरी संचालक के साथ अमानत में खयानत का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406 के तहत जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि दया नगर रिसाली निवासी हेमंत कुमार सोनी का रिसाली बस्ती में लक्ष्मी ज्वेलर्स की शॉप है। 13से 17 मई 2024 को शांति नगर सडक 05 मकान नंबर 374 थाना वैशाली नगर निवासी विवेक शर्मा नामक युवक दुकान कर्मचारी का परिच वाला है। इस कारण संचालक उस पर भरोसा कर सोने का जेवर 18 लाख 71 हजार 282 रुपए का खरीदी कर उसे 10 लाख रुपए का चेक दिया। शेष रकम को 25 मई को देने का आश्वासन दिया था लेकिन उक्त चेक को जब खाते में जमाकर पीडित गया तो खाते में रकम नहीं होने की जानकारी बैंक वालों ने दी। हेमंत ने जब विवेक शर्मा इसके बारे में जानकारी देने पर अलग अलग बैक के दोबारा तीन चेक दिया। उसमें भी राशि नहीं था लगातार सोना खरीदने के बाद विवेक संचालक को घूमाता रहा। विवेक ने संचालक के साथ रुपए न देकर अमानत में खयानत किया है। विवेक शर्मा अपनी साली की शादी के लिये शॉप से 18 लाख 71 हजार 282 रुपए का जेवरात लक्ष्मी ज्वेलर्स शॉप से खरीदा था। दुकान में भीखम यादव उर्फ गोलू काम करता है। उसका परिचय वाला विवेक शर्मा है। आरोपी मंत्रालय में नौकरी करता है।

## बीएसपी प्रबंधन ने चेताया व्यावसायिक उपयोग न हो

# दुर्गा पंडालों में बिजली चोरी करने पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग ने दुर्गा पूजा पंडालों में विद्युत अनियमितता रोकने के लिए अपील जारी की है। टाउनशिप में अनेक स्थानों पर दुर्गोत्सव पंडालों का निर्माण किया गया है। इन पूजा–पण्डालों में बिजली का उपयोग करने के साथ सजावट के लिए सड़क मार्ग के ऊपर खंभे भी लगाए जाते हैं, जिससे गंभीर बिजली दुर्घटना हो सकती है।

बीएसपी प्रबंधन ने आयोजकों से अपील की गई है कि वे विधिवत बिजली प्रदाय प्राप्त करने के लिए सिविक सेंटर स्थित नगर सेवाएं विभाग के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में किसी भी कार्यालयीन समयावधि में आवश्यक विभागीय औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए आवेदन



करें। निर्धारित विद्युत शुल्क जमा कर अधिकृत विद्युत ठेकेदार से परीक्षण प्रपत्र प्रस्तुत कर ही बिजली का सुरक्षित उपयोग करें।

टाउनशिप में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पण्डालों में एकत्रित होते हैं तथा सड़क मार्ग में नागरिकों की आवाजाही हमेशा बनी रहती है। ऐसी परिस्थिति में अनियोजित विद्युतीय व्यवस्था के कारण कभी भी गंभीर विद्युतीय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। बिजली की चोरी, दुरूपयोग अथवा असुरक्षित उपयोग से न केवल जानमाल की क्षति की आशंका बनी रहती है बल्कि संयंत्र को व्यापक पैमाने पर आर्थिक क्षति भी होती है। इसलिए पंडाल में विद्युत के उपयोग के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वहां पर अर्थिंग पीट और उसमें लगा अर्थिंग इलेक्ट्रोड सही प्रकार से कार्य कर रहा है। उपयोग किया जाने वाले विद्युत वायर कहीं से भी कटा हुआ अथवा खुला हुआ नहीं हो। यदि ऐसा है तो उसे इन्सुलेटेड किया जाए।

### दुर्घटना के लिए प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा

सभी दुर्गा पूजा आयोजकों से अपील है कि वे नियमानुसार विद्युत का कनेक्शन लें और सुरक्षित व वैधानिक रूप से विद्युत का उपयोग करें। सुनिश्चित करें कि बिजली का व्यवसायिक उपयोग नहीं किया जा रहा है। यदि विभाग को बिजली प्रदाय के तारों में कटिया लगाकर बिजली की चोरी की शिकायत मिलती है तो पूजा पंडाल आयोजकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो इसके लिए संयंत्र प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

